# लक्ष्मी नगर का जाम खत्म करेगा ITO जैसा स्काईवॉक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**आईटीओ चौराहे** पर जाम खत्म करने के लिए जिस तरह से 523 मीटर लंबा स्काईवॉक बनाया गया है, उसी तर्ज पर PWD ने अब लक्ष्मी नगर टी-जंक्शन पर पैदल रोड पार करने वाले की सुरक्षा और जाम से राहत के लिए स्काईवॉक बनाने का प्लान बनाया है। स्काईवॉक की लंबाई करीब 400 मीटर हो सकती है। इसके निर्माण के लिए करीब 6 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाया गया है।

वहीं, विकास मार्ग को जाम फ्री करने के लिए विनोद नगर के पास गणेश चौक पर गोल चक्कर बनाया जा रहा है। इसके अलावा गीता कॉलोनी रोड, पटपड़गंज रोड और मदर डेयरी रोड की रीकारपेटिंग का भी प्लान है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 24-25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

> गीता कॉलोनी रोड, पटपड़गंज रोड और मदर डेयरी रोड की रीकारपेटिंग का भी प्लान

**मौजूद एफओबी सिर्फ मेट्रो से रोड क्रॉस करने के लिए:** दिल्ली विधानसभा में चीफ विप और लक्ष्मी नगर के विधायक अभय वर्मा के अनुसार मेन मदर डेयरी मार्ग-विकास मार्ग टी-जंक्शन पर मेट्रो यात्रियों को रोड क्रॉस करने के लिए पहले से एक एफओबी बनाया गया है। लेकिन, एफओबी का इस्तेमाल सिर्फ मेट्रो में आने-जाने के लिए ही किया जा सकता है। पैदल रोड क्रॉस करने वालों के लिए यहां कोई एफओबी नहीं है। इसलिए प्लान बनाया गया है कि मेन मदर डेयरी मार्ग-विकास मार्ग टी-जंक्शन पर एक स्काईवॉक बनाया जाए। आईटीओ के डब्ल्यू पॉइंट पर जिस तरह से स्काईवॉक बनाया गया है, उसी तर्ज पर यहां स्काईवॉक बनाया जाएगा।

स्काईवॉक के निर्माण पर करीब 6 करोड़ रुपये खर्च का एस्टिमेट है। स्काईवॉक का एक विंग विकास मार्ग, दूसरा विंग मेन मदर डेयरी मार्ग रोड पर होगा। यह स्काईवॉक करीब 5 मीटर चौड़ा बनाई जाएगा और इसकी लंबाई करीब 400 मीटर हो सकती है। आईटीओ पर बने स्काईवॉक की कुल लंबाई करीब 523 मीटर है।



ITO का स्काईवॉक इसकी तर्ज पर बनेगा लक्ष्मी नगर टी-जंक्शन पर नया स्काईवॉक

## मेन मदर डेयरी रोड-पटपड़गंज टी-जंक्शन होगा सिग्नल फ्री

अभय वर्मा का कहना है कि लक्ष्मी नगर और विकास मार्ग से आने वाले ट्रैफिक के चलते विनोद नगर के पास स्थित मेन मदर डेयरी रोड-पटपड़गंज टी-जंक्शन (गणेश चौक) पर बॉटलनेक बन जाता है। जिसके चलते यह पूरा स्ट्रेच हमेशा जाम से जूझता है। समस्या के समाधान के लिए टी-जंक्शन पर लगे ट्रैफिक सिग्नल को हटा कर गोल चक्कर बनाया जा रहा है। यहां गोल चक्कर बनाने का काम शुरू भी हो चुका है। गोलचक्कर के निर्माण से गाड़ियों की मूवमेंट आसानी से होगी और जाम नहीं लगेगा। इसके अलावा गीता कॉलोनी, पटपड़गंज और विकास मार्ग इन तीन सड़कों की रीकारपेटिंग भी की जाएगी। रीकारपेटिंग का काम अगले कुछ दिनों में शुरू होगा। इसके बाद इस स्ट्रेच में जाम की समस्या लगभग खत्म हो जाएगी। सड़कों की रीकारपेटिंग पर करीब 18 करोड़ खर्च होंगे।

**400 मीटर** हो सकती है स्काईवॉक की लंबाई

**05 मीटर** होगी इस स्काईवॉक की चौड़ाई

**6 करोड़** का एस्टिमेट तैयार किया गया है

**523 मीटर** लंबा है आईटीओ का स्काईवॉक

**जाम खत्म** करने के लिए विनोद नगर के पास गणेश चौक पर गोल चक्कर बनाया जा रहा है




# आई थी रोटी मांगने, ले गई लाखों की जूलरी

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी

**गांव रसियावास** में छोटे बच्चे के साथ रोटी मांगने आई दो महिलाओं ने घर से लाखों की जूलरी व 10 हजार रुपये चुरा लिए। रसियावास में सोमवार को दो महिलाएं गोद में एक छोटे बच्चे के साथ गांव के रविश कुमार के घर पहुंची। घर पर उनकी पत्नी पूजा सोलंकी अकेली थीं। महिलाओं ने भूखे होने की बात कह देकर रोटी मांगी। पूजा को तरस आया तो वे पड़ोस के घर पर रोटी लेने चली गईं। लौटीं तो देखा महिलाएं वहां नहीं थीं और घर की अलमारी खुली पड़ी थी। अलमारी से जेवर व 10 हजार रुपये की नगदी गायब थी। पूजा के निकलते ही महिलाओं ने कमरे की अलमारियों को खंगाल गहने व नगदी चुरा ली। सूचना मिलते ही बावल थाना प्रभारी संजय कुमार मौके पर पहुंचे और मामला दर्ज कर महिलाओं की तलाश शुरू कर दी। पड़ोसी के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में दो महिलाएं एक बच्चे के साथ जाती दिखाई दे रही हैं।

# सोशल मीडिया पर लिखा-मिस यू ऑल, फिर लगा लिया फंदा

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी

**धारूहेड़ा की** एक कंपनी में काम करने वाले 19 साल के युवक ने सोशल मीडिया पर मिस यू ऑल लिख स्टोरी पोस्ट की और फिर फंदा लगा आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता अब तक नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार इटावा के गौतम धारूहेड़ा की एक कंपनी में काम करते थे। गांव मालपुरा में किराये पर रहते थे। रविवार रात वह शादी समारोह से कमरे पर लौटे थे, इस दौरान सोशल मीडिया पर मिस यू ऑल लिख स्टोरी पोस्ट की, इसके बाद फंदा लगाते हुए फोटो भी पोस्ट की और आत्महत्या ली।

इटावा में रह रहे परिजनों ने जब देर रात उनकी पोस्ट देखी तो मामले का पता लगा। गौतम का कजिन बहन की शादी के चलते गांव गया हुआ था। परिजन तुरंत धारूहेड़ा के लिए रवाना हुए। सोमवार सुबह वे धारूहेड़ा पहुंचे तो उन्होंने गौतम का कमरा अंदर से बंद पाया। खिड़की से झांक कर देखा तो शव पंखे से लटका हुआ था। धारूहेड़ा सेक्टर-6 थाना पुलिस को सूचना दी गई। खिड़की तोड़कर पुलिस ने कमरे में प्रवेश किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया कि गौतम कुछ दिनों से निराशाजनक स्टोरी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहा था। हालांकि अब तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग पाया है।






**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in